**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PERIODIC TEST- II (2019-20)** **No. of printed pages-6**
विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : **29 -09-2019** पूर्णांक : **80**
कक्षा : **X** समय : **3** घण्टे

निर्देश : **1** इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
**3** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

## (खण्ड-क) (अपठित बोध)

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

निराला जी ने अपने गाँव के साधारण जनों से विशेष नाता जोड़ा था। जहाँ पुराणपंथी उनसे चिढ़ते थे, गरीब किसान और अंत्यज उन पर जान देते थे। चतुरी चमार के लड़के को अपने घर पढ़ाते थे। लखनऊ में एक होटल के सामने फुटपाथ पर पड़ी रहने वाली एक पगली भिखारिन से उन्हें बहुत सहानुभूति थी। इसी कारण चतुरी और उस पगली पर अपने रेखाचित्र लिख सके थे। यद्यपि वे सबसे मिलते-जुलते और हँसते-बोलते थे, पर उनका मन एकांत में कहीं विषाद में डूबा रहता था। जीवन में लगातार विरोध होने से उनकी चेतना में कहीं क्षोभ का घुन लग चुका था। रात में सोते समय अकसर वे जग जाते थे और घंटों छत पर या बरामदे में टहला करते थे। उस समय उनका मन किस दुख-सागर में डूबा रहता था, इसे उनके सिवाय कोई नहीं जानता। अपनी कन्या सरोज की मृत्यु से उन्हें गहरा धक्का लगा था। जिस समय उन्हें समाचार मिला, वे अपनी समस्त वेदना हृदय में दबाने का प्रयास करते हुए कमरे में टहलते रहे। कुछ देर बाद बाहर घूमने चले गए। दुख के इस हृदय-मंथन से उन्होंने जो अमृत निकाला, वह उनकी अमर कविता ' सरोज स्मृति ' थी। एक बार उन्हें डलमऊ में गंगा नदी के किनारे ऐसे ही भावावेश में देखा था। उनकी पत्नी की चिता कहाँ जली थी, उन्हें याद था। कितनी रातों को वे अकेले घूमे थे, यह भी उन्हें याद था। प्रथम महायुद्ध के बाद इंफ्लुएंजा से लाशों के कारण गंगा का प्रवाह किस मोड़ पर रुक गया था, यह भी उन्हें याद था। उन्होंने अपना ही दुख नहीं झेला, दूसरों के दुख से भी वे और भी व्यथित हुए। व्यथा ने उन्हें जर्जर कर दिया था। फिर भी अपनी व्यथा से पीड़ित होकर उन्होंने अपनी अस्वस्थता के दिनों में भी लिखा है कि " माँ! अपने आलोक निखारो, नर को नरकवास से वारो.................।" निराला जी हिंदी-प्रेमियों के हृदय सम्राट थे। जितने बड़े वे साहित्यकार थे उससे भी बड़े वे मनुष्य थे। छोटों का सम्मान करना उनके इस बड़प्पन की सबसे बड़ी विशेषता थी।

<u>प्रश्न संख्या (i) से (iv) तक के प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए।</u>

प्रश्न (i) निराला जी ने अपने गाँव के किन लोगों से अपना रिश्ता जोड़ा था? **1**

(क) गरीब किसानों से (ख) अंत्यज से
(ग) असाधारण जनों से (घ) साधारण जनों से

प्रश्न (ii) निराला जी के अपूर्व रेखाचित्र किन पर आधारित हैं? **1**

(क) चतुरी व कन्या पर (ख) पगली भिखारिन व कन्या
(ग) चतुरी व पगली भिखारिन (घ) कन्या व पगली भिखारिन

**P.T.O.**

प्रश्न (iii) निराला जी को गहरा धक्का किसकी मृत्यु पर लगा? **1**

(क) पुत्री की (ख) पत्नी की

(ग) इंफ्लुएंजा से मरे लोगों की (घ) चतुरी व पगली भिखारिन की

प्रश्न (iv) निराला जी के हृदय-मंथन से अमृत फूट पड़ा। वह अमृत क्या था? **1**

(क)एक रेखाचित्र (ख) एक कहानी

(ग)एक कविता (घ) कविता व रेखाचित्र

प्रश्न (v) निराला जी को क्या याद था? **1**

(क) पुत्री ने उन्हें जर्जर कर दिया था (ख) एक गंगा नदी है

(ग) वे व्यथित थे (घ) पत्नी की चिता कहाँ जली

प्रश्न (vi) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: **2**

(अ) ....................की मृत्यु का समाचार सुनकर वे समस्त वेदना को हृदय में दबाने का प्रयास करते हुए कमरे में टहलते रहे।

(ब) निराला जी सबसे मिलते-जुलते और हँसते-बोलते थे परंतु जब वे अकेले होते थे तब उनका हृदय .................... में डूबा रहता था।

प्रश्न (vii) निम्नलिखित वाक्य सत्य हैं या असत्य हैं, बताइए : **2**

(अ) निराला जी की अमर कहानी ' सरोज स्मृति ' है।

(ब) छोटों का सम्मान करना निराला जी के बड़प्पन की सबसे बड़ी विशेषता थी।

प्रश्न **2**. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मुझे समुद्र के किनारे छोड़ दीजिए
मोती मिलने के बाबत दुखी नहीं होऊँगा।
रेत में घरौंदे बनाकर
एक महान साम्राज्य का निर्माण करा लूँगा।
लहरों के पदचिह्नों की जाँच करते हुए
एक कानी कौड़ी छाँटकर
खुशी से फूल जाऊँगा।

मुझे बगीचे में छोड़ दीजिए
कोयल के गीत न सुन पाने की बाबत
रत्तीभर भी चिंचित न हो जाऊँगा।
डाल पर लगे फल के वास्ते
उछल-उछल, थके-हारे
आखिरकार ज़मीन पर गिरकर
छोटे बच्चे के समान पीठ पीछे लगी मिट्टी को
हथेलियों से इधर-उधर झाड़-पोंछ लूँगा।

मुझे पतिंगा की तरह, या
तितली की तरह हवा में छोड़ दीजिए
फूल के ना होने या फिर
इंद्रधनुष के न होने की बाबत
अपमानित न हो जाऊँगा।
हवा-भाषा की व्याकरण-रचना कर
बारिश के बारे में
चक्रवातों के बारे में
राज़ की बातें आपके कानों में फूँक दूँगा।

प्रश्न संख्या (**i**) से (**iv**) के सही उत्तर वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए।

प्रश्न (**i**) कवि समुद्र में लहरों के साथ चलते हुए मोती न मिलने पर भी क्या प्राप्त करके खुश हो जाएगा? **1**

(क) रेत में घरौंदे (ख) कानी कौड़ी
(ग) महान साम्राज्य (घ) लहरें

प्रश्न (**ii**) बगीचे में छोड़ देने पर कवि क्या कार्य करेगा? **1**

(क) फलों को तोड़ने के लिए उछलेगा (ख) कोयल के गीत सुनेगा
(ग) डाल पर चढ़ेगा (घ) गीत सुनेगा और फल तोड़ेगा

प्रश्न (**iii**) दूसरे पद में कवि ने अपनी तुलना किससे की है? **1**

(क) कोयल से (ख) डाली से
(ग) फलों से (घ) छोटे बच्चे से

प्रश्न (**iv**) प्रस्तुत कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है? **1**

(क) जीवन में खेलो-कूदो (ख) जीवन में जो मिले उसी में संतुष्ट व प्रसन्न रहो
(ग) जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करो (घ) जीवन में मानवीय कार्य करो

प्रश्न (**v**) निम्नलिखित वाक्य सत्य है या असत्य है, बताइए : **1**

कवि हवा रूपी भाषा का अध्ययन कर वर्षा के बारे में व तूफान के रहस्यों के बारे में जानने का प्रयत्न करेगा।

प्रश्न (**vi**) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **1**

कवि............................................. बनाकर एक महान साम्राज्य का निर्माण करेगा और उसे ही अपनी दुनिया मान लेगा।

**P.T.O.**

## (खण्ड-ख) (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. शब्द कब पद बन जाता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **1**

प्रश्न 4. (क) निम्नलिखित समस्तपदों में से किन्हीं दो पदों का समास-विग्रह करते हुए भेद लिखिए : **2**

प्रकृतिप्रदत्त , धर्माधर्म, प्रतिमास

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विग्रहों के समस्तपद बनाकर भेद लिखिए : **2**

जन्म से लेकर , महा है जो काव्य , नौ ग्रहों का समाहार

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचनांतरण कीजिए : **3**

(i) यद्पि वह बीमार है फिर भी परीक्षा देगा। ( सरल वाक्य में )
(ii) वहाँ एक छोटे-से घर में नीम का एक पेड़ था। (मिश्र वाक्य )
(iii) सेनापति का आदेश होते ही सैनिकों ने बंदूकें उठा लीं। (सयुंक्त वाक्य )
(iv) यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य फल पाओगे। ( सरल वाक्य )

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए : **4**

(i) ऐसे सज्जन पुरुष सभी जगह नहीं मिलते हैं।
(ii) वे क्या करना चाहता है?
(iii) परीक्षा-पद्धति बदलना चाहिए।
(iv) चोर सामान लेकर आठ-दस-ग्यारह हो गया।
(v) समारोह में दिल्ली का शिक्षा-मंत्री आए हैं।

प्रश्न 7. (i) उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **3**

(क) मज़दूर जीवनपर्यत .............................. रहता है और अपने परिवार का निर्वाह करता है।
(ख) यह बात समझ में नहीं आ रही है कि ................................पकड़े जाने के बाद भी राकेश अपना अपराध स्वीकार क्यों नहीं कर रहा है?

(ii) निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके एक अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :

राह न सूझना

## (खण्ड- ग) (पाठ्य-पुस्तक)

प्रश्न 8. पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) ततॉंरा का व्यक्तित्व कैसा था और सब उसके समीप क्यों रहना चाहते थे? **2**

(ख) बड़े भाई साहब ने घमंड न करने की सलाह देते हुए शैतान के विषय में क्या कहा है? **2**

(ग) काम करने वाले लोगों को इंस्पेक्टरों के द्वारा क्या सूचना दी गई थी? ' डायरी का एक पन्ना ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **1**

अथवा

बड़े भाई साहब छोटे भाई से उम्र में कितने बड़े थे और वे कौन-सी कक्षा में पढ़ते थे?

प्रश्न 9. लेखक ने अपनी माताजी के स्वभाव की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं?
'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

अंग्रेज़ों की अधीनता में दूसरा स्वतंत्रता दिवस भारत में कब मनाया गया था और कलकत्ता के लोगों के लिए यह दिन अपूर्व क्यों था? ' डायरी का एक पन्ना ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) कवि बिहारी ने ग्रीष्म ऋतु की भयंकर गरमी का वर्णन किस प्रकार किया है? **2**

(ख) कवि कबीर के अनुसार मीठी वाणी बोलने से क्या-क्या लाभ हैं? **2**

(ग) कवयित्री मीरा कृष्ण के दर्शन प्राप्त करने के लिए किस प्रकार के महल बनवाना चाहती हैं? **1**

अथवा

ऋषि दधीचि ने परमार्थ के लिए क्या दान किया था?

प्रश्न 11. ' पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने प्रकृति के बदलते रूप के आधार पर प्रकृति की सुंदरता का वर्णन किस प्रकार किया है? स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

उदार व्यक्ति किसे कहा गया है और उदार व्यक्तियों की पहचान कैसे हो सकती है? ' मनुष्यता ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12. (क) लेखक को ठाकुरबारी के साधु-संत फूटी आँख क्यों नहीं सुहाते थे? **2**

(ख) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ? **3**

अथवा

हरिहर काका के मामले में गाँव के लोग कितने वर्गों में बँट गए थे और उनकी क्या राय थी?

## (खण्ड-घ) (लेखन)

प्रश्न 13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) सैनिकों के प्रति सद्भाव

- (i)सैनिक देश के रक्षक
- (ii) त्याग व शौर्य के प्रतीक
- (iii) सैनिकों से प्रेरणा

(ख) पर उपदेश कुशल बहुतेरे

- (i) सूक्ति का अर्थ
- (ii) केवल उपदेश न देकर स्वयं आचरण करना
- (iii) जीवन -मूल्यों के प्रति प्रेरणा

(ग) त्योहार आनंद के प्रेरणा -स्रोत

- (i) अनेक प्रकार के त्योहार
- (ii) मनाने का तरीका
- (iii) प्रत्येक त्योहार का संदेश

**P.T.O.**

प्रश्न **14**. आप कक्षा दसवीं के छात्र हैं। आपका नाम अनिकेत है। विद्यालय में क्रिकेट- प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। **5**

अथवा

नगर निगम द्वारा संचालित बसों की खराब हालत और कुव्यवस्था का वर्णन करते हुए परिवहन निगम के प्रबंधक को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न **15**. विद्यालय में गांधी जयंती पर होने वाले विशेष कार्यक्रम में भाग लेने वाले इच्छुक छात्रों के नाम प्राप्त करने के लिए सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष की ओर से **20** से **30** शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए। **5**

अथवा

आपका नाम विक्रांत है और आप पर्यावरण समिति के प्रबंधक हैं। **20** से **30** शब्दों में सूचना जारी कीजिए जिसमें नागरिकों को यह सूचना दी जाए कि वे अनुपयोगी वस्तुओं को निर्धारित स्थान पर ही डालें और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

प्रश्न **16**. बाढ़ आने से फसल खराब हो गई है। इस संबंध में दो किसानों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **5**

अथवा

विपरीत परिस्थितियों में किए जाने वाले उचित व्यवहार पर पिता व पुत्र के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न **17**. वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारी की तरफ से समाचार-पत्र में प्रकाशित करने हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

अथवा

आपको एक घर बेचना है। इससे संबंधित विवरण देते हुए समाचार-पत्र में प्रकाशित करने हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

--------------****---------------